Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

an>

Title: Need to gear up the relief and rehabilitation work in flood affected area of Vidarbha, Maharashtra.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : महोदय, विदर्भ के चन्द्रपुर, गडचिरोली तथा यवतमाल जिले बाढ़ के भयंकर चपेट में आये हैं। अगस्त, 2006 के प्रथम सप्ताह में लगातार अतिवृटि तथा बांधों से छोड़े गये पानी के कारण इस बार बाढ़ भीाण विभीाकिा का रूप ले चुकी है। इस बार की बाढ़ में सैंकड़ों की संख्या में लोगों तथा हजारों की संख्या में मवेशियों की मृत्यु हुयी है। हजारों की तादाद में लोग बेघर हुए हैं, बाढ़ का पानी गांवों तथा शहरों में घुसने से मकानों को क्षति पहुंची तथा घर ध्वस्त हुए। लोगों को जानमाल की हुयी हानि को देखते हुए स्थानीय प्रशासन तथा राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा राहत तथा पुनर्वास कार्य की गति बेहद धीमी है। आज भी बाढ़ प्रभाि वत क्षेत्रों के लोगों को राहत शिविरों में रहना पड़ रहा है, जिनके घर ध्वस्त हुए वे बेघर लोग बसेरे की आस में प्रशासन के सामने अपना दुखड़ा रो रहे हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव के कारण उन्हें तत्काल आवास उपलब्ध कराने में सरकार नाकाम सिद्ध हो रही है। बाढ़ क्षेत्रों में कृाि को भारी नुकसान हुआ है, विदर्भ के बदहाल किसानों पर इस प्राकृतिक आपदा के कारण कहर टूटा है। विदर्भ क्षेत्र के साथ महाराट्र में बाढ़ की चपेट में 3 लाख हैक्टेयर भूमि की फसल बरबाद हुयी। 29 जिलों में 3500 गांवों को और अनेक शहरों को बाढ़ ने चपेट में लिया। राज्य सरकार द्वारा केन्द्र से मांगी गयी 500 करोड़ रूपए की राहत निधि बहुत कम है। 2000 करोड़ रूपए की राहत निधि राज्य को भेजें तथा जिनके मकान ध्वस्त हुए उन्हें पुनर्वास व प्रतिपूर्ति हेतु शहरी व ग्रामीणों को विशेा रूप से बाल्मिकी अम्बेडकर योजना तथा राट्रीय सम विकास योजना से आवास बनवा कर देने की मैं मांग करता हूं।